12.20 hrs.

RE: ALLEGED INACCURACY IN PROCEEDINGS

श्री राम सेवक यादव (बाराबंकी) : अध्यक्ष महोदय, मैं इस सिलसिले में एक . . .

डा० राम मनोहर लोहिया (फर्रुखाबाद): अध्यक्ष महोदय, पहली कार्यवाही के बारे में मुझे आपको कई खत लिखने पड़े । इसके अलावा एक बात बतानी है कि तीन-चार बार ठीक करने की कोशिश के बावजूद वह गलती रह गयी है । १६ अगस्त की कार्यवाही में जो शब्द प्रधान मन्त्री ने. . .

अध्यक्ष महोदय : अब यह सवाल इस वक्त कैसे उठ सकता है ?

डा० राम मनोहर लोहिया : यह ३७७ के मातहत में उठा रहा हूं ।

अध्यक्ष महोदय : इस वक्त नहीं उठ सकता ।

डा० राम मनोहर लोहिया : पहले सत्र की कार्यवाही है और गलत छपी है । कई बार मैंने कोशिश की कि वह कार्यवाही ठीक छपे और इसके लिए आप को मैंने कई बार खत भी लिखे हैं. . .

अध्यक्ष महोदय : अगर वह गलत छपी है तो आप मेरे पास आकर बतलायें कि उसके लिए क्या कार्यवाही हो सकती है, हम बैठ कर सोचेंगे कि उसको दुरुस्त करने के लिए क्या कार्यवाही की जा सकती है । मुझे अफसोस है कि जब भी मेम्बर साहबान चाहें, खड़े हो जायं और कार्यवाही जो हाउस की है उसको चलने न दें, यह काबिले ऐतराज बात है ।

डा० राम मनोहर लोहिया : मैं हरगिज यह नहीं करता हूं । मैंने आपको इस बारे में कई खत लिखे हैं । यह आपके कक्ष का मामला नहीं है । यह बिल्कुल साफ़ मामला है कि प्रधान मन्त्री ने शब्द "बहाना" इस्तैमाल किया था जिसको कि "बढ़ाना" लिख दिया गया . . .

अध्यक्ष महोदय : अब मुझे समझ में नहीं आता कि मैं क्या करूं ? मैं पहले भी कई दफे मेम्बर साहब को निवेदन कर चुका हूं कि आप आइये मेरे पास, अगर मेरे बस की बात होगी तो मैं उसको देखूंगा और अगर कोई ऐसी चीज़ है जो कि दुरुस्त की जा सकती है तो कर दी जायगी । लेकिन जैसा मैंने पहले कहा इस तौर से दुरुस्त नहीं हो सकती है । अब प्रधान मन्त्री ने जो शब्द कहा है वह उन्होंने कहा है और जो आपने कहा है कि यह दुरुस्त नहीं है और उसकी जगह यह होना चाहिए वह सब भी रेकार्ड में आ गया है ।

डा० राम मनोहर लोहिया : मेरा "बहाना" शब्द भी "बढ़ाना" कर दिया गया, उसको बदल दिया गया, बावजूद इसके कि मैंने कई बार उसको साफ करने की कोशिश की । टेप रेकार्डर से आप देख सकते है कि दरअसल प्रधान मन्त्री ने क्या शब्द कहा था । उन्होंने क्या शब्द दरअसल बोला था यह जानना बहुत आसान काम है ।

अध्यक्ष महोदय : अच्छा मैं उसको देखूंगा ।

12.21 hrs.

PAPERS LAID ON THE TABLE

PAPERS RE. PREVENTIVE DETENTION ACT, 1950

The Minister of Home Affairs and also in charge of Labour and Employment and Minister of Planning (Shri Nanda): I beg to lay on the Table a copy of 'Statistical Information regarding the working of the Preventive Detention Act, 1950, during the period 30th September, 1962 to 30th September, 1963.'

Shri Daji (Indore): The House had been assured earlier by the hon. Home Minister that just like the review of the Preventive Detention Act, a copy of the action taken under the Defence of India Rules also would